## मुख्य अभियंता दक्षिण का कार्यालय
## पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

पत्रांक– 17/आउटलेट–04–03/2021 -896 अ०प०    पटना, दिनांक– 29/4/2022

प्रेषक,

मुख्य अभियंता दक्षिण
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

अधीक्षण अभियंता
पथ निर्माण विभाग,
पथ अंचल मुंगेर।

विषयः पथ प्रमंडल, शेखपुरा अन्तर्गत मौजा–एकसारी, थाना सं0–194 (शेखपुरा) खाता सं0–116, प्लौट नं0–286, जिला–शेखपुरा, राज्य–बिहार में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा रिटेल आउटलेट (ULP/HSD) पम्प स्थापित करने हेतु **अनापत्ति प्रमाण–पत्र के संबंध में ।**

प्रसंगः– आपका पत्रांक–276 (अनु0) दिनांक–06.04.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक पथ प्रमंडल, शेखपुरा अन्तर्गत मौजा–एकसारी, थाना सं0–194 (शेखपुरा) खाता सं0–116, प्लौट नं0–286, जिला–शेखपुरा, राज्य–बिहार में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेषन लिमिटेड द्वारा रिटेल आउटलेट स्थापित करने के निमित्त पथ निर्माण विभाग की जमीन को पहुंच पथ के रूप में विकसित कर उपयोग करने हेतु निम्न शर्त्तो के साथ 5 वर्षो के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है :–

1) 5–5 वर्षो के अन्तराल पर अनापत्ति प्रमाण पत्र का नवीनीकरण हेतु विभागीय संकल्प सं0–1921(S) दिनांक–08.03.2018 का अनुपालन सुनिश्चित करेंगें।

2) रिटेल आउटलेट की स्थापना मानक तथा अनुमोदित नक्शे के अनुरूप किये जाने की सूचना मुख्यालय को यथाशीघ्र देंगे। किसी प्रकार की विचलन की स्थिति में स्थानीय प्रशासन एवं ऑयल कम्पनी तथा इस विभाग को अवश्य सूचित करेंगे।

3) विभागीय पत्रांक–4770 (E) दिनांक–24.08.2017 एवं 7661(E) दिनांक–23.12.2015 तथा विभागीय ज्ञापांक–8283( S) दिनांक–13.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए अपने स्तर से भी जॉच कर ली जाय।

अनु0–यथोक्त ।

विश्वासभाजन

21/4/2022

मुख्य अभियंता, दक्षिण
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

Scanned with CamScanner